19.02.2019

"नशा मुक्त भारत" अभियान का हिस्सा बना अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़

19 फरवरी, 2019 को गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में "नशा मुक्त भारत अभियान" का शुभारम्भ हुआ। यह सौभाग्य का विषय है कि इस देश्व्यापी अभियान की शुरूआत हरियाणा प्रदेश से हो रही है। हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के निर्देशानुसर अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की देख–रेख में हिसार में होने वाले कार्यक्रम में यू.आर.एल. वेब मीडिया के माध्यम से 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. इकाइयों व पर्यावरण क्लब के स्वयंसेवकों ने युवाओं बढ़ती नशे की आदत पर चिन्ता व्यक्त करते हुए स्वयं नशा न करने और इस विषय में समाज में जागरूकता फैलाने की भी शपथ ली। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती किरण आनन्द ने किया। डॉ. अशोक निराला, श्रीमती रितु, डॉ. सीमा मलिक ने आयोजन में सहयोग दिया। श्री विनोद और श्री इन्द्राज के सहयोग से वेब मीड़िया के माध्यम से विद्यार्थियों ने Live कार्यक्रम देखा।